आकाशवाणी चंडीगढ़

11 अक्तूबर 2024, समय 1810

समाचार

- हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि किसानों की धान का एक एक दाना ख़रीदा जायेगा। श्री नायब सिंह ने कहा कि 25 हज़ार युवाओं की भर्ती का परिणाम जल्द जारी होगा।
- हरियाणा की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

- रोहतक से कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायक भारत भूषण बत्रा ने चुनाव में पार्टी को मिली हार को स्वीकार किया और कुमारी सैलजा को पार्टी की सम्मानित नेता बताया।
- आज हरियाणा सहित देशभर अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया।

- हरियाणा में दुर्गा अष्टमी पर हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा का पूजन किया।

*******************************************************

हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र के पीपली, लाडवा और बाबैन अनाज मंडी का दौरा कर धान की चल रही खरीद का जायजा लिया और किसानों की शिकायतों के निवारण को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।इस अवसर पर पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसान की धान का एक-एक दाना खरीदा जाए किसी प्रकार की किसानों को कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए साथ ही उनकी अदायगी से संबंधित भी किसी तरह की परेशानी न हो।

धान और बाजरा की अब तक हुई खरीद का ब्यौरा देते हुए उन्होंने कहा --

उन्होंने कहा कि किसानों की धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने की बात कही गई है अगर कोई न्यूनतम समर्थन मूल्य से एक भी पैसा कम पर धान खरीदता है तो अधिकारी इसकी जांच करेंगे। श्री नायब सिंह कहा कि कल चावल मिल मालिकों के साथ बैठक हुई है ,उनकी समस्या को भी सुना गया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवारवाद और भ्रष्टाचार में फंसी हुई पार्टी है और उनके नेताओं द्वारा चुनाव के दौरान पहले अपना घर भरने जैसे भाषणों से जनता ने उनके इरादों को पहले ही भांप लिया ।और शपथ

से पहले युवाओं की भर्ती के सवाल पर उन्होंने कहा कि 25000 युवाओं की भर्ती का परिणाम  जल्द जारी किया जायेगा।

शपथ लेने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जल्द ही बता दिया जाएगा कि शपथ ग्रहण कब होगा।

******************************************************

हरियाणा की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंचकूला में आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।समारोह को भव्य एवं शानदार बनाने की जिम्मेदारी पूर्व सांसद संजय भाटिया को सौंपी गई है। श्री भाटिया ने आज पंचकूला में अधिकारियों के साथ बैठक में तैयारियों को लेकर चर्चा की। बैठक में सी.आइ.डी के अतिरिक्त महानिदेशक आलोक मित्तल, पंचकूला के पुलिस आयुक्त शिवास कविराज और उपायुक्त यश गर्ग मौजूद रहे।श्री भाटिया ने बताया कि शपथ ग्रहण की तारीख़ एवं स्थान अभी तय नहीं हुआ है लेकिन यह पंचकूला में ही होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेश लौटने पर तारीख़ तय की जायेगी और मीडिया को सूचित किया जायेगा।

******************************************************

आज रोहतक में पत्रकारों से बातचीत में भारत भूषण बतरा ने कांग्रेस की हार पर कहा कि प्रजातंत्र में लोगों ने जो भी फैसला दिया है, वह स्वीकार है। उन्होंने कहा कि हार के लिए भारतीय जनता पार्टी का कांग्रेस बारे कथित दुष्प्रचार भी जिम्मेदार है।एक अन्य सवाल के जवाब

में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा पार्टी की सम्मानित नेता है। श्री बतरा ने कहा कि वे चंडीगढ़ जाकर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर रोहतक के विकास के लिए बेहतर पैकेज की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि रोहतक को विकास में पूरा हिस्सा मिलना चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर सवाल उठाते हुए भारतीय निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि कई जगह पर ईवीएम में 99 प्रतिशत बैटरी चार्ज मिली है। इसलिए संदेह पैदा होता है। उन्होंने कहा कि हालांकि ईवीएम में गड़बड़ी की संभावना के बारे में सर्वोच्च न्यायालय स्पष्ट कर चुका है लेकिन यह एक तकनीकी सवाल है।उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के परिणाम को खारिज करते हुए कांग्रेस पार्टी ने ईवीएम पर सवाल उठाया था और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने निर्वाचन आयोग से मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराई थी।

*******************************************************

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा हार के कारणों की जांच के लिए तथ्य जाँच समिति बनाने पर कटाक्ष किया है। नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि यह वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बचाने और हरियाणा में हार के लिए दूसरों को दोषी ठहराने का प्रयास है। बीजेपी नेता ने यह भी आरोप लगाया कि सभी हार के लिए कांग्रेस

नेता कुमारी सैलजा को जिम्मेदार ठहराने की कोशिश कर रहे हैं। श्री पूनावाला ने यह भी कहा कि कांग्रेस के सहयोगी भी कह रहे हैं कि वे अपने अहंकार और लोगों से नाता तोड़ने के कारण हारे, लेकिन वे अपने सहयोगियों की बात सुनने को भी तैयार नहीं हैं।

*****************************************************

आज हरियाणा सहित देश भर में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस बार अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का थीम शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए लड़कियों की आवाज रखा गया ।

पंचकूला के सेक्टर 15 स्थित पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिल्ला और विद्यालय की प्रधानाचार्य बलजिंदर कौर सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों , शिक्षकों गणों तथा छात्राओं ने भाग लिया।कार्यक्रम को संबोधन करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिला ने छात्रों को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के बारे जानकारी दी ।

यह दिवस दुनिया भर में लड़कियों के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों और उनके सशक्तिकरण के महत्व को उजागर करने के लिए

समर्पित है।

*******************************************************

पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब और चंडीगढ़ के लोगों को दशहरा के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। पंजाब के राज्यपाल ने अपने संदेश में कामना करते हुए कहा कि इस वर्ष का दशहरा हमें भगवान राम के सिद्धांतों पर दृढ़ रहने के लिए प्रेरित करे।

*******************************************************

आज देश भर में दुर्गा अष्टमी का त्यौहार श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। पानीपत,अम्बाला ,कैथल और पंचकूला से हमारे सवांददाताओं ने बताया की श्रद्धालुओं ने मंदिरों में माँ की पूजा अर्चना कर कन्या पूजन किया। मंदिरों के बाहर भंडारे भी लगाए गए। श्रद्धालुओं ने सब की सुख समृद्धि की कामना की। माता मनसा देवी मंदिर व कालका में श्री काली माता मंदिर में श्रद्धालुओं की कतारें लगी रही। माता मनसा देवी मंदिरों में आज हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शीश निवाया और अरदास की। माता मनसा देवी मंदिर कालका के काली माता मंदिर में एवं चंडी मंडी मंदिर में  श्रद्धालुओं ने 22 लाख रुपया से अधिक राशि भेंट स्वरूप दी।

*******************************************************